प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन

पंतनगर। 11 मई 2023। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के उद्यान विज्ञान विभाग की कु शीबा बेलवाल, पीएच.डी., उद्यान विज्ञान (पुष्प कृषि एवं परिद्रिष्य) की अंतिम वर्ष की छात्रा को दिल्ली में कॉमनवेल्थ वॉरग्रेव्स कमिशन कम्पनी ने तकनीकी बागवानी प्रबंधक (भारतीय उपमहाद्वीप) के पद पर 12.5 लाख प्रतिवर्ष पैकेज पर चयनित किया है। जून माह में पदभार ग्रहण करने के उपरान्त कु. शीबा बेलवाल को कम्पनी द्वारा 15 दिन की एडवांस ट्रेनिंग के लिए इजिप्ट भेज रही है तथा इसी क्रम में कु. लक्ष्मी कंडारी, एमएससी,, उद्यान विज्ञान (पुष्प कृषि एवं परिद्रिष्य) की छात्रा को अडानी समूह गुजरात में प्लेसमेंट मिला है, जिसमें हॉर्टिकल्चरिस्ट के रूप में उन्हें 7.75 लाख प्रतिवर्ष पैकेज मिलेगा। दोनों ही छात्रायें डा. रंजन श्रीवास्तव, प्राध्यापक उद्यान विज्ञान के मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य कर रही है। इस उपलब्धी पर विभागाध्यक्ष डा. डी.सी. डिमरी; अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय डा. एस.के कश्यप एवं कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।



*शीबा बेलवाल*



*लक्ष्मी कंडारी*